नवभारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# भारत विकासवाद का समर्थक विस्तारवाद का नहीं : पीएम मोदी

**20** समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए द्विपक्षीय वार्ता में

**20** करोड़ डॉलर से ब्रह्मोस खरीदेगा इंडोनेशिया

**जकार्ता, 7 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंडोनेशिया दौरे का कल दूसरा दिन रहा है. मंगलवार को इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा लोकतांत्रिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया.**

उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की नीति पर चलता है और सबका साथ, सबका विकास का मंत्र उसकी वैश्विक सोच का आधार है. भारत और इंडोनेशिया के बीच मंगलवार को जकार्ता में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए. इनमें रक्षा सहयोग के तहत ब्रह्मोस मिसाइल से जुड़ा समझौता भी शामिल रहा. इसके तहत भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट उपलब्ध कराएगा. इंडोनेशिया भारत से 20 करोड़ डॉलर की लागत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा.



### देशों के बीच समझौतों पर सहमति बनी

- आउटर स्पेस की खोज और इस्तेमाल में सहयोग पर समझौते का विस्तार
- सीडीएससीओ और बीपीओएम के बीच एमओयू
- मिनरल्स और स्टील सप्लाई चेन की तकनीक के क्षेत्र में सहयोग पर एमओयू
- सुरक्षा सहयोग पर एमओयू का एक्सटेंशन और इम्प्लीमेंटेशन एग्रीमेंटनेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) और नेशनल एजेंसी फॉर
- डिजास्टर मैनेजमेंट, इंडोनेशिया के बीच एमओयू
- टेलीकम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी और सर्विसेज के क्षेत्र में सहयोग पर एमओयू
- रिसर्च, तकनीक और इनोवेशन सहयोग पर एमओयू, हेल्थ वर्कफोर्स सहयोग पर इम्प्लीमेंटेशन एग्रीमेंट
- भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) और इंडोनेशिया के जनरल इलेक्शन कमीशन (केपीयू) के बीच एमओयू
- ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम पर सहयोग
- एयर-टू- एयर मिसाइल सहयोग समझौता
- स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया-पं. क्राकाटाऊ स्टील के बीच स्ट्रेटेजिक जॉइंट वेंचर
- रेयर अर्थ मैग्नेट के डेवलपमेंट पर नॉन-फेरस मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर
- मिडवेस्ट लिमिटेड और पीटी पीईआरएमआईएनएएस के बीच एमओयू
- कृषि और उससे जुड़े क्षेत्र में सहयोग पर एमओयू, समुद्री रक्षा सहयोग.

### इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान दिया मोदी को

इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान बितांग आदिपूर्ण से नवाजा है. इंडोनेशिया की तीन दिन की यात्रा पर गए श्री मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में बताया कि उन्हें इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है.

### संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय पीएम

प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जकार्ता में इंडोनेशिया की संसद को संबोधित किया. यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री का इंडोनेशिया की संसद में पहला ऐतिहासिक संबोधन है. पीएम मोदी ने भारत के 'विकसित भारत 2047' और इंडोनेशिया के 'गोल्डन इंडोनेशिया 2045 (इंडोनेशिया एमास 2045)' के विजन का उल्लेख करते हुए व्यापार, निवेश, संपर्क, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया.

# अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट में 38 को फांसी की सजा

## 56 मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये तथा घायलों को एक-एक लाख रुपये मुआवजा

- 38 दोषियों की फांसी, 11 की उम्रकैद बरकरार
- गुजरात हाईकोर्ट ने विशेष अदालत के फैसले पर लगाई मुहर

**अहमदाबाद, 7 जुलाई. वर्ष 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए 38 दोषियों को सुनाई गई फांसी की सजा तथा 11 दोषियों की आजीवन कारावास की सजा में कोई बदलाव करने से इनकार कर दिया.**

मंगलवार को सुनाए गए फैसले में हाईकोर्ट ने विशेष अदालत के निर्णय पर मुहर लगाते हुए कहा कि दोषियों को दी गई सजा यथावत रहेगी. अदालत ने इसके साथ ही 56 मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये तथा 200 से अधिक घायलों को एक-एक लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया.

गौरतलब है कि 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद में करीब 70 मिनट के भीतर 21 सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे. इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए थे. जांच के दौरान सामने आया था कि विस्फोटकों को साइकिलों पर रखे टिफिन बॉक्स में छिपाकर विभिन्न स्थानों पर लगाया गया था.



### 5 आतंकी मध्यप्रदेश के उज्जैन से हैं

अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में मध्यप्रदेश उज्जैन के 5 आरोपी भी शामिल हैं. उसमें 3 को फांसी और 2 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई. उज्जैन के आरोपियों में जिन्हें फांसी हुई, उसमें सफदर नागौरी, कमरुद्दीन चांद मोहम्मद नागौरी, आमिल परवेज के नाम है. वहीं शफीक अंसारी और मोहम्मद अबरार बेगमबाग निवासी है. मनियार को आजीवन कारावास उम्रकैद की सजा सुनाई गई.

# देशभर में लागू होगी पीएम सेतु योजना

**200 आईटीआई क्लस्टरों के विस्तार को मंजूरी**

**नई दिल्ली, 7 जुलाई. कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता परिवर्तन उन्नत आईटीआई ( पीएम सेतु ) का अब देशभर में विस्तार किया जाएगा। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार को आयोजित योजना की चौथी राष्ट्रीय संचालन समिति ( एनएससी ) की बैठक में पायलट चरण से आगे बढ़ते हुए 200 चिह्नित आईटीआई क्लस्टरों में इसके राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई।**

बैठक की अध्यक्षता कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने की। उन्होंने कहा कि बैठक 1,237.58 करोड़ की रणनीतिक निवेश योजना के फैसले को मंजूरी दी गई. इसके तहत जिंदल नवीन अवसर लिमिटेड, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया, अपोलो मेड-स्किल्स, श्री सिद्धार्थ इंफ्राटेक एंड सर्विसेज और न्यूलैंड फाउंडेशन जैसे उद्योग समूह विभिन्न राज्यों में आईटीआई क्लस्टरों के एंकर इंडस्ट्री पार्टनर बनकर उनके आधुनिकीकरण का नेतृत्व करेंगे। पीएम सेतु केंद्र सरकार की प्रमुख कौशल विकास योजना है.

# होटल के पास दो विस्फोट फ्रांसीसी राष्ट्रपति सुरक्षित

**दमिश्क, 7 जुलाई. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के सीरिया दौरे के बीच यहां राजधानी दमिश्क में मंगलवार को फोर सीजन्स होटल के निकट हुए दो विस्फोटों में कम से कम 18 लोग घायल हो गये. श्री मैक्रों के ठहरने की व्यवस्था इसी होटल में की गयी थी, हालांकि विस्फोट के समय वह सुरक्षित थे और राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंच चुके थे.**

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार दोनों विस्फोट विस्फोटक उपकरणों के कारण हुए. सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि



घटना में 4 पुलिसकर्मियों सहित 18 लोग घायल हुए हैं. फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय एलिसी पैलेस ने बयान जारी कर कहा कि विस्फोट के समय मैक्रों राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा. फ्रांसीसी समाचार चैनल बीएफएमटीवी के अनुसार राष्ट्रपति फोर सीजन्स होटल में ठहरे हुए थे.



*Applicable T&C available at your nearest dealership. Ex-showroom price ₹13 99 900 for Grand Vitara Aspirion Edition, exclusively available in the Zeta (O) and Alpha (O) variants. Creative visualisation. Images used are for illustration purposes only. Features and accessories shown may not be part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Offers may vary and are subject to availability of stock. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue an offer without further notice. Finance options available at the sole discretion of financier.